Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 06 अगस्त, 2022

ग्रैंड अनियन चैलेंज

उपभोक्ता कार्य विभाग ने **प्याज की कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिये** 5 अगस्त, 2022 को शैक्षिक संस्थानों के प्रमुखों, कुलपतियों, प्रोफेसरों, प्रख्यात संस्थानों के डीन, वरिष्ठ शिक्षाविदों, स्टार्टअप्स के अधिकारियों, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों, परमाणु ऊर्जा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापारिक विभाग के अधिकारियों तथा कृषि, बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कार्य करने वाले पेशेवरों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस कर उनसे **"ग्रैंड अनियन चैलेंज"** में शामिल होने का आग्रह किया। यह चैलेंज युवा व्यवसाइयों, प्रोफेसरों, उत्पाद तैयार करने में वैज्ञानिकों की भूमिका व कटाई से पूर्व की तकनीकों, प्राथमिक प्रसंस्करण, भंडारण और देश में प्याज फसल की कटाई के बाद के कार्यों में प्रोटोटाइप की आवश्यकता तथा प्याज के परिवहन में सुधार के लिये नए विचारों की तलाश करता है। इस चैलेंज में निर्जलीकरण, प्याज के मूल्य निर्धारण और प्याज खाद्य प्रसंस्करण डोमेन में प्रौद्योगिकी के आधुनिकीकरण के लिये नवीन विचारों की भी खोज की जाएगी। चैलेंज में देश के सर्वश्रेष्ठ विचारकों से उपरोक्त सभी क्षेत्रों में उनके सुझाव मांगे गए हैं।

वयोश्रेष्ठ सम्मान- 2022

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वरिष्ठ नागरिकों के राष्ट्रीय पुरस्कार वयोश्रेष्ठ सम्मान-2022 के लिये नामांकन आमंत्रित किये हैं। 1 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर यह पुरस्कार वरिष्ठ नागरिकों के लिये काम करने वाले लोगों को प्रदान किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस को मनाने के लिये 1 अक्तूबर, 1999 को एक प्रस्ताव द्वारा इसे अपनाया था। वर्ष 2013 से 13 विभिन्न श्रेणियों में वयोश्रेष्ठ सम्मान प्रदान किया जाता है। वयोश्रेष्ठ सम्मान की स्थापना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वर्ष 2005 में की थी तथा इसे वर्ष 2013 में राष्ट्रीय पुरस्कारों की श्रेणी में लाया गया। यह युवा पीढ़ी को समाज और राष्ट्र के निर्माण में बुज़ुर्गों के योगदान को समझने का अवसर प्रदान करता है। इस पुरस्कार के लिये भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों एवं उनके स्वायत्त संगठनों से नामांकन आमंत्रित किये जाते हैं।

'माई हैंडलूम माई प्राइड एक्सपो '

कपड़ा और रेल राज्य मंत्री ने हथकरघा उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिये **5 अगस्त, 2022** को **नई दिल्ली (जनपथ)** में **'माई हैंडलूम माई प्राइड एक्सपो'** का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी महिला सांसदों को जनपथ हाट में विशेष हथकरघा एक्सपो में आने और बुनकरों को प्रोत्साहित करने तथा उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समृद्ध हथकरघा विरासत को देखने के लिये आमंत्रित किया था। यह प्रदर्शनी 11 अगस्त, 2022 तक सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिये खुली रहेगी। यह विशेष हथकरघा एक्सपो **राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (NHDC) लिमिटेड** के माध्यम से भारत सरकार के **कपड़ा मंत्रालय के विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय** की एक पहल है। **स्वदेशी आंदोलन** जिसकी शुरुआत **7 अगस्त, 1905** को हुई थी, इसने **स्वदेशी उद्योगों और विशेष रूप से हथकरघा बुनकरों** को प्रोत्साहित कियाा। इसी उपलक्ष्य में वर्ष 2015 से भारत सरकार ने **प्रत्येक वर्ष 7 अगस्त** को **'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस'** के रूप में मनाने का निर्णय लिया। हथकरघा बुनाई कला के पारंपरिक मूल्य से जुड़ा हुआ है और प्रत्येक क्षेत्र में इसकी उत्कृष्ट किस्में देखने को मिलती हैं। **पोचमपल्ली, तंगलिया साड़ी, कोटा डोरिया, बनारसी, जामदानी, बलूचरी, इकत, कलमकारी** आदि उत्पादों की विशिष्ट बुनाई, डिज़ाइन और पारंपरिक कला की विशिष्टता दुनिया भर के ग्राहकों को आकर्षित करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-06-august-2022